a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

विषय : सामाजिक विज्ञान Set-C

नोट: सभी प्रश्न हल कीजिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई ?
(अ) अमेरिका (ब) जर्मनी
(स) इंग्लैण्ड (द) फ्रांस

(ii) प्राचीन भारत के महान ज्योतिष शास्त्री थे :
(अ) वराहमिहिर (ब) आर्यभट्ट
(स) (अ) एवं (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) सती निवारण अधिनियम लागू हुआ :
(अ) सन् 1987 में (ब) सन् 1985 में
(स) सन् 1986 में (द) सन् 1984 में

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सी मूल्य वृद्धि का कारण नहीं है ?
(अ) काला बाजारी (ब) तस्करी
(स) रोजगार सृजन (द) जमाखोरी

(v) सन् 2011 में भारत की जनसंख्या थी :
(अ) 121.01 करोड़ (ब) 128.1 करोड़
(स) 122.8 करोड़ (द) 120.8 करोड़

1. (खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना सन् .... में हुई थी ?
(ii) नाबालिग लड़के व लड़की का विवाह .... विवाह कहलाता है।
(iii) रोजगार गारण्टी योजना में .... दिनों का रोजगार दिया जाता है।
(iv) भारत में जनगणना प्रति .... वर्ष बाद होती है।
(v) भारत में रेल इंजन बनाने का कारखाना .... में स्थित है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

2. उपभोक्ता की बचत उत्पन्न होने के **दो** कारण बताइए।
3. 'वर्धाय की संधि' किन देशों के मध्य एवं कब हुई थी ?
4. वीटो पॉवर प्राप्त किन्हीं **चार** राष्ट्रों के नाम लिखिए।
5. **चार** वेदों के नाम लिखिए।
6. स्त्रियों की स्थित में सुधार के **दो** उपाय लिखिए।
7. 'सरल श्रम विभाजन' से आप क्या समझते हैं ?
8. छत्तीसगढ़ का नाम छत्तीसगढ़ कैसे हुआ ?
9. राज्यसभा को स्थायी सदन क्यों कहते हैं ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. संयुक्त राष्ट्र संघ के **तीन** उद्देश्य लिखिए।
11. छत्तीसगढ़ की वेशभूषा एवं रहन-सहन के संबंध में आप क्या जानते हैं ?
12. नगरपालिका के कार्यों को लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत उपभोग-मूल्य और विनिमय-मूल्य के अन्तर को किस प्रकार स्पष्ट करता है ?
14. जनसंख्या वृद्धि की कोई **तीन** समस्याएँ लिखिए।
15. श्रम विभाजन से श्रमिकों को होने वाले कोई **तीन** लाभ लिखिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

16. "बाल श्रमिकों की स्थिति में सुधार आवश्यक है।" क्यों ?

अथवा

सामाजिक चेतना को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** तत्वों को लिखिए।

17. मूल्य वृद्धि से आप क्या समझते हैं ? मूल्य वृद्धि को रोकने के कोई **तीन** उपाय लिखिए।

अथवा

गरीबी से आप क्या समझते हैं ? गरीबी के प्रकारों को समझाइए।

18. मृदा अपरदन क्या है ? इसके **तीन** कारण लिखिए।

अथवा

भारतीय कृषि की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

19. भारत में वस्त्रोद्योग का वितरण लिखिए।

अथवा

कृषि आधारित उद्योगों और खनिज आधारित उद्योगों की तुलना कीजिए।

20. नाज़ीवाद के उद्देश्य क्या थे ? नाज़ी का पूरा नाम लिखिए।

अथवा

फासीवाद और नाज़ीवाद की मुख्य समानताएँ क्या थीं ?

21. परमाणु शक्ति को मानवजाति के लिए खतरा क्यों माना गया है ?

अथवा

एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में राजनैतिक पुनर्जागरण के कोई **चार** कारण बताइए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द)

22. केन्द्रीय मंत्रिमंडल पर लोकसभा किस प्रकार नियंत्रण करती है ? स्पष्ट कीजिए।

23. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(a) दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग (b) कर्क रेखा

(c) भाखरा नांगल बांध (d) खम्भात की खाड़ी

(e) मुम्बई हाई

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(a) दिल्ली-चेन्नई रेलमार्ग (b) कच्छ की खाड़ी

(c) नर्मदा नदी (d) अंकलेश्वर

(e) कराकोरम दर्रा

25. साम्राज्यवाद के **पाँच** नकरारत्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

अथवा

उपनिवेशवाद एवं नव-उपनिवेशवाद में अन्तर लिखिए।

25. मुम्बई हाई का महत्व लिखिए।

अथवा

खनिज संसाधनों के आर्थिक महत्व क्या हैं ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द)

26. "कृषि भारत की आत्मा और अर्थव्यवस्था का आधार है।" समझाइए

अथवा

भारत में कितने प्रकार के वन पाए जाते हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए।

27. द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी की पराजय के छः कारण बताइए।

अथवा

द्वितीय विश्व युद्ध के छः कारणों पर प्रकाश डालिए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com